आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। श्री पुतिन भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के तेईसवें संस्करण के अवसर पर भाग लेने भारत आए हैं।
- इंडिगो की उड़ान व्यवधान समस्या पर नागरिक उड्डयन मंत्री ने डी जी सी ए और इंडिगो के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक की।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को फेज टू केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष की मंजूरी के लिए आभार व्यक्त किया।
- उद्योग निदेशालय ने कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

<><><><><><><>

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के तेईसवें संस्करण में भाग लेने के लिए कल शाम नई दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत किया। रूसी राष्ट्रपति का आज सुबह राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया जाएगा। वे राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की वार्ता आज हैदराबाद हाउस में आयोजित होगी। दोनों नेता पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। वार्ता के बाद व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति तथा मीडिया सहित कई क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी रूसी राष्ट्रपति का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन करेंगी। यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा करने और 'विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भविष्य की रूपरेखा तय करने के रूप में देखा जा रहा है। भारत और रूस संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स और एस सी ओ जैसे कई बहुपक्षीय मंचों पर निकट सहयोग करते हैं। यह सहयोग दो हजार तेईस में जी20 और एससीओ की अध्यक्षता के दौरान भारत को मिले रूसी समर्थन तथा दो हजार चौबीस में रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान आपसी सहयोग से और मजबूत हुआ है। क्रेमलिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस अप्रत्याशित कदम का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने कल शाम दिल्ली हवाई अड्डे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया।

रूसी राष्ट्रपति के भारत के ऐतिहासिक दौरे के बारे में मीडिया से बात करते हुए क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच बढ़ती और रणनीतिक मित्रता का प्रतीक है।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने कल नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और इंडिगो की शीर्ष टीम ने भी भाग लिया। यह बैठक उस समय हुई जब एयरलाइन ने नवंबर के अंत से अपने नेटवर्क में बड़ी व्यवधान की सूचना दी थी। एयरलाइन प्रतिदिन लगभग एक सौ सत्तर से दो सौ उड़ानें रद्द कर रही है, जो सामान्य स्तर से काफी अधिक है। DGCA ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन ने बताया कि ये व्यवधान मुख्यतः संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन लागू करने में संक्रमण संबंधी समस्याओं, क्रू योजना में कठिनाइयों और शीतकालीन संचालन संबंधी चुनौतियों के कारण हुए हैं। DGCA ने यह भी बताया कि इंडिगो ने स्वीकार किया है कि उसने चरण–2 FDTL नियमों के लिए आवश्यक क्रू की संख्या का आंकलन कम किया था, जिससे योजना में अंतराल पैदा हुआ। एयरलाइन ने कहा कि उड़ानों की रद्दीकरण की समस्या अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकती है, क्योंकि वह अपनी समय–सारिणी को स्थिर करने का प्रयास कर रही है। यात्री असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन आठ दिसंबर से उड़ान संचालन को भी कम करेगी। इसके अलावा, संचालन प्रबंधन के लिए एयरलाइन ने अगले वर्ष दस फरवरी तक कुछ FDTL प्रावधानों में अस्थायी छूट की भी मांग की है।

<><><><><><><>

संसद ने कल केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित किया, जिसे राज्यसभा ने मंजूरी देकर लोकसभा को वापस भेज दिया। यह विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, उन्नीस सौ चवालीस में संशोधन करने का प्रावधान करता है, जिसके तहत सिगरेट, सिगार, हुक्का तंबाकू, चबाने वाला तंबाकू, ज़र्दा और सुगंधित तंबाकू जैसे तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और उपकर बढ़ाया जाएगा। संशोधन का उद्देश्य सरकार को यह वित्तीय अधिकार देना है कि उपकर समाप्त होने के बाद तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दर बढ़ाकर कर प्रभाव को सुरक्षित रखा जा सके। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में यह विधेयक पेश किया।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूटी प्रशासन द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष चरण–दो के प्रस्ताव की मंजूरी हेतु एक सौ तेईस दशमलव नौ दो करोड़ रूपये की राशि से संबंधित इकतालीस सड़क परियोजनाओं पर चर्चा करना था। उन्होंने चरण–दो के तहत उनचास दशमलव नौ नौ करोड़ रूपये की राशि से नब्बे कार्यों की पूर्व मंजूरी के लिए भी धन्यवाद दिया। सांसद ने सड़क मरम्मत, रखरखाव और अवसंरचना निर्माण के लिए पूंजीगत बजट में कमी का उल्लेख किया। सांसद द्वारा प्रस्तुत विस्तृत प्रस्तावों को सुनने के बाद, केंद्रीय मंत्री ने मौके पर CRIF चरण–दो प्रस्ताव के लिए प्रस्तावित राशि को मंजूरी प्रदान की।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत वन स्टॉप सेंटर ने जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के सहयोग से कामराज स्कूल, ब्रुक्शाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पैरा लीगल अधिवक्ता रुख़सार रहीम ने साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा किए, जिसमें महिला हेल्पलाइन एक आठ एक, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर एक शून्य नौ आठ, साइबर क्राइम नम्बर एक नौ तीन शून्य और वन स्टॉप केन्द्र का संपर्क नम्बर शामिल हैं। इस दौरान सब–इंस्पेक्टर स्मृति ज्योति ने पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पॉस) अधिनियम, दो हजार तेरह पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योग विभाग, जिला उद्योग केन्द्र और खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड के कर्मचारियों ने भाग लिया। उद्योग निदेशक अतुल सोनी ने कर्मचारियों से अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अनुरोध किया, ताकि कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। संवादात्मक सत्र के दौरान प्रशिक्षक एवं सलाहकार रुबीना खातिब सिद्दीकी ने पॉस अधिनियम के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

संसद ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने भी इसे पारित कर लोकसभा को वापस भेज दिया– द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। इसके अलावा अखबार ने समग्र क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाए जाने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। बेरोज़गार सहकारी समितियों के लिए आजीविका के अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों द्वारा उप–राज्यपाल से मुलाकात कर कार्य प्रणाली बहाल करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा मरीना पार्क में स्ट्रीट फूड महोत्सव आयोजित करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>